भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 4071
दिनांक 19 दिसंबर, 2024

**मंत्रालय के अंतर्गत सार्वजनिक उद्यम**

†4071. श्री मुरारी लाल मीना :

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक उद्यमों की संख्या और नाम क्या हैं;
(ख) सभी सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में सृजित और वर्तमान में रिक्त पदों की संख्या का ब्यौरा क्या है;
(ग) सार्वजनिक-निजी भागीदारी के अंतर्गत कितने सार्वजनिक उद्यमों को निजी क्षेत्र को सौंपा गया है; और
(घ) सरकार द्वारा इन सार्वजनिक उद्यमों को सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के अंतर्गत सौंपने के क्या कारण हैं?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख उपक्रमों, जिसमें घरेलू सहायक कम्पनियाँ शामिल हैं, का विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

(ख) सार्वजनिक क्षेत्र के सभी उपक्रमों में अपनी सांगठनिक आवश्यकताओं के अनुरूप, नए पदों का सृजन करना तथा रिक्त पदों को भरा जाना एक नियमित और सामान्य (नैत्य) प्रक्रिया है। सार्वजनिक क्षेत्र के सभी उपक्रमों में संस्वीकृत पदों तथा वर्तमान में रिक्त पदों की संख्या क्रमशः 96019 एवं 3554 है।

(ग) शून्य।

(घ) उपर्युक्त (ग) के दृष्टिगत प्रश्न ही नहीं उठता।

*****

अनुलग्नक

**मंत्रालय के अंतर्गत सार्वजनिक उद्यम विषय पर श्री मुरारी लाल मीना द्वारा दिनांक 19 दिसम्बर, 2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4071 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अंतर्गत प्रमुख सार्वजनिक उद्यमों सहित उनकी घरेलू सहायक कंपनियों का विवरण**

| क्र. सं. | सार्वजनिक उद्यमों का नाम |
|---|---|
| **1.** | **इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल)** |
| आईओसीएल की सहायक कंपनियां * | |
| (i.) | चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीपीसीएल) |
| **2.** | **भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल)** |
| बीपीसीएल की सहायक कंपनियां* | |
| (i.) | भारत पेट्रो रिसोर्सेज लिमिटेड (बीपीआरएल) |
| (ii.) | बीपीसीएल-केआईएएल फ्यूल फार्म फैसिलिटी प्राइवेट लिमिटेड |
| **3.** | **ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी)** |
| ओएनजीसी की सहायक कंपनियां* | |
| (i.) | ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओवीएल) |
| (ii.) | हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) |
| (iii.) | मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) |
| (iv.) | पेट्रोनेट एमएचबी लिमिटेड (पीएमएचबीएल) |
| **4.** | **ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल)** |
| ऑयल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनियां* | |
| (i.) | नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल) |
| **5.** | **गेल (इंडिया) लिमिटेड** |
| गेल की सहायक कंपनियां* | |
| (i) | गेल गैस लिमिटेड |
| (ii.) | ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलीमर लिमिटेड |
| (iii.) | कोंकण एलएनजी लिमिटेड |
| (iv.) | त्रिपुरा नेचुरल गैस कंपनी लिमिटेड |
| (v.) | बंगाल गैस कंपनी लिमिटेड |
| **6.** | **इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआईएल)** |
| **7.** | **बामर लॉरी इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड (बीएलआईएल)** |
| बीएलआईएल की सहायक कंपनी* | |
| (i.) | बामर लॉरी एंड कंपनी लिमिटेड (बीएलसी) |

*सार्वजनिक उद्यमों की सहायक कंपनियां होने के कारण, भारत सरकार की इनमें प्रत्यक्ष शेयरधारिता नहीं है।

स्रोत: सभी संबंधित सार्वजनिक उद्यम।

****